**हिन्दी प्रादेशिक समाचार**

**आकाशवाणी चंडीगढ़**

**(तिथि 26 मई 2025, समय 1305 (5 मिनट)**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों के एक दिन का सम्मेलन में विकास की गति को बढ़ाने पर बल दिया । प्रधानमंत्री ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में सम्मेलन में स्वच्छता, सफाई, स्वास्थ्य सेवा, युवा सशक्तिकरण, कृषि, प्रौद्योगिकी जैसे प्रमुख क्षेत्रों में मजबूत तालमेल बनाने पर चर्चा की जानकारी दी। श्री मोदी ने यह भी कहा कि उन्होंने विभिन्न मुद्दों पर व्यापक विचार-विमर्श किया, जबकि विभिन्न राज्यों ने जल संरक्षण, शिकायत निवारण, प्रशासनिक ढांचे को मजबूत करने, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण, खेल और अन्य सहित विविध क्षेत्रों में अपनी सर्वोत्तम प्रथाओं का प्रदर्शन किया।पत्रकारों से बात करते हुए भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने कहा कि इस सम्मेलन के दौरान, ऑपरेशन सिंदूर और जाति जनगणना कराने के सरकार के फैसले से संबंधित दो प्रस्ताव पारित किए गए।

*************************************************************

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने राष्ट्रव्यापी जातिगत जनगणना का ऐतिहासिक निर्णय लेकर दूरदर्शी नेतृत्व का परिचय दिया है।मुख्यमंत्री ने नई दिल्ली में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के मुख्यमंत्रियों और उप मुख्यमंत्रियों की बैठक में यह बात कही। उन्होंने कहा कि यह निर्णय सामाजिक न्याय की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है जो समाज के सबसे वंचित और उपेक्षित वर्गों को उनके अधिकार और अवसर प्रदान करने का मार्ग प्रशस्त करेगा। इस बैठक में ऑपरेशन सिंदूर में सशस्त्र बलों के पराक्रम और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साहसी नेतृत्व की प्रशंसा करते हुए एक प्रस्ताव भी पारित किया गया।

*************************************************************

आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर की जबरदस्त सफलता के उत्साह के बीच समग्र राष्ट्र, भारतीय जवानों के शौर्य और साहस को नमन कर रहा है। सशस्त्र बलों के प्रति सम्मान और कृतज्ञता के रूप में आकाशवाणी समाचार विशेष श्रृंखला प्रसारित कर रहा है। आज हम 1965 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में सर्वोच्च बलिदान देने वाले परमवीर चक्र विजेता कंपनी क्वार्टर मास्टर हवलदार अब्दुल हमीद का स्मरण कर रहे हैं। एक रिपोर्ट-

*1933 में उत्तरप्रदेश के गाजीपुर में जन्मे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद दिसम्बर 1954 में 4 ग्रेनेडियर्स में भर्ती हुए थे। 1965 के भारत-पाक युद्ध के दौरान, 4 ग्रेनेडियर्स ने खेम करण-भिखीविंड मार्ग पर चीमा गांव के पास एक महत्वपूर्ण स्थान पर कब्जा किया। इस स्थान पर कब्ज़ा करना समग्र रक्षा रणनीति के लिए महत्वपूर्ण था। 8 सितंबर की रात पाकिस्तानी सेना ने ग्रेनेडियर्स के ठिकानों पर कई हमले किए लेकिन इन हमलों में दुश्मन को खदेड़ दिया गया। 10 सितंबर की सुबह भीषण गोलाबारी के साथ-साथ पाकिस्तानी पैटन टैंकों की एक रेजिमेंट ने बड़ा हमला किया। इस हमले से बटालियन के क्षेत्र को भारी नुकसान पहुंचा। उसी सुबह 9 बजे तक, दुश्मन के टैंक अग्रिम ठिकानों पर पहुंच गए थे। इस महत्वपूर्ण क्षण में, एक रिकॉइललेस गन की कमान संभाल रहे कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद ने तेजी से कार्रवाई की। वह भारी गोलाबारी के बीच अपनी बंदूक को जीप पर चढ़ाकर एक तरफ गए और बड़ी ही सटीकता के साथ, उन्होंने दुश्मन के मुख्य टैंक को नष्ट कर दिया और टैंक को नष्ट करने के लिए उन्होंने अपना स्थान बदला। मशीन गन और शेल फायर के निशाने पर होने के बावजूद, उन्होंने दुश्मन से लगातार मुठभेड़ जारी रखी। इस गोलाबारी के बीच एक अन्य टैंक को नष्ट करने का प्रयास करते समय एक उच्च विस्फोटक शैल से वे घातक रूप से घायल हो गए। कंपनी क्वार्टरमास्टर हवलदार अब्दुल हमीद  की निडरता और दृढ़ साहस ने उनके साथियों को प्रेरित किया और दुश्मन को आगे ब□ने से रोकने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनकी इस बहादुरी और बलिदान के*

***लिए उन्हें मरणोपरांत परमवीर चक्र से सम्मानित किया गया। सकलेन अख्तर, आकाशवाणी समाचार, दिल्ली***

***************************************************************

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि भारत ने पाकिस्तान से चलाये जा रहे आतंकवाद से निपटने के लिए अब नया रुख अपना लिया है और ऐसे अपराधों में शामिल लोगों से सख्ती से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को अब यह सोचने नहीं दिया जाएगा कि वे सीमा पार जाकर निर्ममता से हमारे नागरिकों की हत्या करेंगे। श्री थरूर ने कल न्यूयॉर्क में एक सामुदायिक आयोजन में कहा इन अपराधियों को अब ऐसे अपराधों का मूल्य चुकाना होगा।

***************************************************************

हरियाणा के खेल मंत्री गौरव गौतम ने कल पलवल में तीन दिवसीय अंडर-17 राष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। चैंपियनशिप में 25 राज्यों से 600 से ज्यादा पहलवान भाग ले रहे है। श्री गौरव गौतम ने बताया कि इस चैंपियनशिप के विजेता खिलाड़ी वियतनाम में होने वाली अंतरराष्ट्रीय कुश्ती चैंपियनशिप में हिस्सा लेगें।